# 'जुलाई, अगस्त में सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन में यूपी नंबर वन'



**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी जुलाई और अगस्त में सबसे अधिक सबसे अधिक सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन करने वाला राज्य बन गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शनिवार को ईटी गवर्नमेंट-द इकोनॉमिक टाइम्स की ओर से आयोजित कॉफी टेबल बुक के कार्यक्रम में ये जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि जुलाई में प्रदेश में 27,771 सौर इंस्टॉलेशन दर्ज किए किए। इस हिसाब से प्रतिदिन औसतन 891 इंस्टॉलेशन हुए, जो गुजरात (25,738) और महाराष्ट्र (24,200) से अधिक हैं। अगस्त में यह आंकड़ा बढ़कर 28,029 इंस्टॉलेशन तक पहुंच गया, जबकि गुजरात में 20,504 और महाराष्ट्र में 23,008 इंस्टॉलेशन हुए। 31 अगस्त तक यूपी में कुल 2,08,407 सौर इंस्टॉलेशन हो चुके हैं।

यूपी की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 5,157MW पहुंची

**घरेलू रूफटॉप क्षमता मे भी इजाफा :** ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 2017 से पहले राज्य की कुल स्थापित सौर क्षमता मात्र 389MW थी, जो 2025 में बढ़कर 5,157MW तक पहुंच गई है। घरेलू रूफटॉप क्षमता भी तेजी से बढ़ी है। 2017 से पहले जहां केवल 343 घरों में 9MW की सौर क्षमता थी, वहीं 2017 से 2025 के बीच 1.90 लाख घरों में लगभग 700MW की स्थापना हो चुकी है। 2017 से पहले राज्य में केवल 439 सरकारी भवनों पर 5MW की सौर क्षमता थी। आज यह संख्या बढ़कर 7,087 भवनों पर 167MW तक पहुंच गई है। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्रोत विभाग के अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण और UPNEDA के निदेशक इंद्रजीत सिंह भी मौजूद थे।